प्रेस नोट **दिनांक 14.11.2026**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश मिश्रा की अध्यक्षता में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली, स्वयं पैदल मार्च कर आमजन को दिया स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश-

आज दिनांक 14.11.2026 को विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर शारदा नारायण हॉस्पिटल के तत्वावधान में मधुमेह (डायबिटीज) जैसी गंभीर एवं तेजी से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक व्यापक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री सर्वेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रैली को रवाना किया गया तथा पुलिस अधीक्षक श्री सर्वेश मिश्रा द्वारा स्वयं पैदल मार्च कर जागरूकता अभियान में सक्रिय सहभागिता की गई। रैली गाजीपुर तिराहा से प्रारम्भ होकर आजमगढ़ मोड़ तक निकाली गई, जिसके माध्यम से आमजन को मधुमेह के प्रति जागरूक रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय के साथ क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित शारदा नारायण हॉस्पिटल के चिकित्सकगण एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पुलिस विभाग एवं चिकित्सा क्षेत्र के प्रतिनिधियों की सहभागिता ने स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी एवं जनसहभागिता का सकारात्मक संदेश दिया।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मधुमेह के प्रति जागरूकता को वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता बताते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित एवं पौष्टिक खानपान अपनाने, नियमित व्यायाम करने तथा शारीरिक गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। उन्होंने आमजन से अपील की कि स्वास्थ्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराते रहें। मधुमेह के प्रति जागरूकता, समय पर पहचान एवं चिकित्सकीय परामर्श के माध्यम से इसके प्रभावों को नियंत्रित करने में सहायता मिल सकती है।

इस जागरूकता रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन को यह संदेश देना रहा कि स्वस्थ जीवनशैली केवल व्यक्तिगत आवश्यकता ही नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज के निर्माण का भी आधार है। नियमित पैदल चलना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, खानपान में संतुलन बनाए रखना एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराना प्रत्येक व्यक्ति की दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए।

जनपद पुलिस मऊ द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सजग रहें, नियमित व्यायाम को अपनाएं तथा मधुमेह जैसी बीमारियों के प्रति स्वयं जागरूक होकर अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी जागरूक करें।

स्वस्थ नागरिक, स्वस्थ समाज।

थाना/समाधान दिवस पर जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराये जाने के क्रम में दिनांक 14.11.2026 को जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन व पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा सयुक्त रुप से थाना दक्षिण टोला पर उपस्थित रहकर थाना समाधान दिवस पर जनशिकायतों को सुना गया साथ ही साथ जनपद के समस्त थानों पर भी थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।* इस दौरान द्वारा समस्त थानों पर क्षेत्राधिकारीगण व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा जनशिकायतों को सुना गया तथा इसके समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त 118 प्रार्थना पत्रों में से कुल 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा निस्तारण कराया गया तथा राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व टीम को आवश्यकतानुसार पुलिस बल उपलब्ध कराकर निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

आयुध अधिनियम के अन्तर्गत एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से एक अदद नाजायज चाकू बरामद-

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चालये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी, नगर श्री नितेश प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 14.11.2026 को थाना सरायलखंसी पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर आटा मिल के पास से एक अदद नाजायज चाकू के साथ अभियुक्त नितिन उर्फ सुभम पुत्र मिश्रा राम निवासी ग्राम बीबीपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सरायलखंसी पर मु0अ0सं0- 393/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम नितिन उर्फ सुभम उपरोक्त के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय किया गया।

पंजीकृत अभियोंग-

मु0अ0सं0- 393/2026 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सरायलखंसी जनपद मऊ।

नाम गिरफ्तार अभियुक्त-

नितिन उर्फ सुभम पुत्र मिश्रा राम निवासी ग्राम बीबीपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ।

गिरफ्तारी का स्थान व समय-

दिनांक- 14.11.2026

स्थान – आटा मील के पास।

बरामदगी का विवरण

एक अदद नाजायज चाकू।

जनपद मऊ साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़ितों का फ्रॉड हुआ कुल धनराशि- 84,541/- (चौरासी हजार पांच सौ इकतालीस रुपया) पीड़ितों को वापस कराया गया-

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा के कुशल निर्देशन में साइबर फ्राड रोकथाम व जागरुकता के तहत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनूप कुमार के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारीगण के कुशल नेतृत्व में दिनांक- 14.11.2026 को पीड़ितों के खाते से अंजान लिंक / यूपीआई के माध्यम से फ्राड की गयी

कुल धनराशि- 84,541/- (चौरासी हजार पांच सौ इकतालीस रुपया) MRM PORTAL के माध्यम से साइबर पुलिस टीम जनपद मऊ द्वारा वापस कराया गया।

थानावार विवरण-

1.थाना मुहम्मदाबाद गोहना साइबर पुलिस टीम द्वारा कुल 02 पीडितों/अवेदकों क्रमशः 1.फरहान पुत्र सेराजुद्दीन निवासी ग्राम करहा थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ का धनराशि – 35,000/- रूपया व 2.आफताब अहमद, 3.तारा अभिषेक पाल, 4.प्रवीण यादव थाना मुहम्मदाबाद गोहना जनपद मऊ कुल धनराशि – 16,965/- रूपया वापस कराया गया।

2.थाना दक्षिणटोला साइबर पुलिस टीम द्वारा पीड़िता/ आवेदिका मीरा उपाध्याय पत्नी दीपक कुमार निवासी ग्राम रैनी थाना दक्षिणटोला जनपद मऊ का कुल धनराशि – 32,576/- रूपया वापस कराया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

***छठ पुजा त्योहार को लेकर जनपद में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आज दिनांक 14.11.2026 को जिलाधिकारी मऊ श्री आनन्द वर्धन व पुलिस अधीक्षक मऊ श्री सर्वेश कुमार मिश्रा द्वारा क्षेत्राधिकारी घोसी, प्रभारी निरीक्षक दोहरीघाट के साथ थाना दोहरीघाट क्षेत्रान्तर्गत घाघरा नदी छठ घाट का निरीक्षण किया गया** तथा थाना दोहरीघाट के त्यौहार रजिस्टर अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी दोहरीघाट के सभी संबंधित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया कि छठ पर्व के अवसर पर घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएँ। साथ ही भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था एवं बचाव कार्य हेतु आवश्यक संसाधन पूर्व से ही मुहैया कराए जाने के निर्देश दिए गए तथा पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।*

छठ पूजा त्यौहार को लेकर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आज दिनांक 14.11.2026 को सायंकाल अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार द्वारा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री नितेश प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर व पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र में सेल्फी प्वाइंट से बलिया मोड़ तक रुट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान भ्रमण कर रोड के किनारे अतिक्रमण आदि बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा।